भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 226

दिनांक 03.02.2022 को उत्तर देने के लिए

कजाखिस्तान में भारतीय

226. डॉ. एल हनुमंतय्यः

श्री नीरज डांगी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में कजाखिस्तान में रह रहे भारतीयों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार कजाखिस्तान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(घ) क्या सरकार कजाखिस्तान में फंसे भारतीयों को निकालने की योजना बना रही है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके लिए अनुमानित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्रीमती मीनाक्षी लेखी)

(क) लगभग 7000.

(ख) और (ग) चूंकि कजाकिस्तान में भारतीय नागरिकों के सुरक्षित होने की रिपोर्ट है इसलिए प्रश्न ही नहीं उठता।

(घ) और (ङ) देश की स्थिर स्थिति को देखते हुए कजाकिस्तान से भारतीय नागरिकों को बाहर निकालने की कोई योजना नहीं है।

***